एक नजर में

नेपा मिल श्रमिक संघ की ओर से पीएम मोदी के भाई से की हस्तक्षेप की मांग, सौंपा ज्ञापन

नेपानगर। एशिया की पहली अखबारी कागज मिल नेपा लिमिटेड को करोड़ों रूपए की लागत से दोबारा खड़ाकर 2022.23 में फिर से अस्तित्व में लाया गया। लेकिन जितनी क्षमता के साथ यहां कागज उत्पादन होना था उतना नहीं हो पाया। अब इसे चालू रखने के लिए कभी सांसद तो कभी श्रमिक संघ प्रयास कर रहा है। अब तक इसे लेकर कोई पुख्ता निर्णय नहीं हो पाया है। अभी मिल में उत्पादन की स्थिति न के बराबर है। अब प्रधानमंत्री के छोटे भाई से गुहार लगाई है कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करें। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भाई प्रल्हाद मोदी 19 जनवरी को खंडवा के ग्राम भामगढ़ में आए थे। जब इसकी जानकारी नेपा मिल्स श्रमिक संघ को लगी तो अध्यक्ष प्रवीण चंद्र सोनी ने श्रमिक संघ के पदाधिकारियों के साथ भामगढ़ पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

मिल की परेशानियों से अवगत कराया:-श्रमिक संघ की ओर से नेपा मिल से संबंधित मांगों के लिए प्रधानमंत्री और भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी के नाम मोदी जी के छोटे भाई को ज्ञापन सौंपा जिसमें नेपा मिल की वर्तमान स्थिति और मिल को सुचारू रूप से चलाने व मजदूरों की लंबित मांग जिसमें मुख्य रूप से 2007 व 2017 के वेतनमान लागू करना शामिल है। वर्तमान में कार्यरत सभी संविदागत कर्मचरियों की मांगों की ओर ध्यान केंद्रीत किया और जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा जल्द प्रधानमंत्री, उद्योग मंत्री से मुलाकात कर समस्या के समाधान को लेकर चर्चा करें। इस दौरान अध्यक्ष राहुल पटेल भी मौजूद थे।

अनियमित तरीके से हो रहा वेतन:- पिछले काफी समय से नेपा मिल में उत्पादन नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों का वेतन भी अनियमित है। मिल से रोज सायरन बजने की आवाज तो आती है, लेकिन यह आवाज मिल का समय होने और लंच टाइम होने के लिए निकलती है। कर्मचारी आते हैं और वापस चले जाते हैं, क्योंकि उत्पादन यहां नहीं हो रहा है। अन्य समारोह कार्यक्रम नियमित हो रहे हैं जबकि आवश्यकता कागज उत्पादन की है। आमजन मांग कर रहा है कि मिल को जल्द फिर से चलायमान किया जाना चाहिए ताकि नगर के अर्थव्यवस्था फिर से पटरी पर लौटे।

विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा, सुरक्षा, खेलकूद एवं स्वास्थ्य पर दिया विशेष जोर

बुरहानपुर। शिक्षा के साथ.साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल.कूद गतिविधियों को बढ़ावा देनेए भोजन एवं पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में दिए। मंगलवार को खकनार सातपायरी के एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गईए जिसमें कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालय एवं छात्रावास परिसर में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर उसका तत्काल एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य परीक्षण एवं सिकल सेल की जांच तथा सहायता प्रदान कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान विद्यालय के प्राचार्य द्वारा विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, सह.पाठ्यक्रम कार्यक्रमोंए उपलब्ध संसाधनों एवं अन्य कार्यों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। बैठक के पश्चात कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय परिसर एवं छात्रावास का निरीक्षण किया तथा आवश्यक मरम्मत एवं कार्यों के लिए पीआईयू को आवश्यक निर्देश दिए तथा नया मुख्य गेट हेतु प्रस्ताव तैयार करने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सृजन वर्मा, एसडीएम नेपानगर भागीरथ वाखलाए डिप्टी कलेक्टर श्रीमति पल्लवी पुराणिक सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं विद्यालयीन स्टॉफउपस्थित रहा।

50 महिलाओं को रोजगार से जोड़ेगी संस्था

नेपानगर। बाल मंदिर परिसर में गोल्डन अर्थ की ओर से शिविर लगाया गया। सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा 50 महिलाओं को रोजगार दिया जाएगा। यह संस्था रजिस्ट्रेट संस्था है। जिसके तहत लगभग 50 महिलाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन किया है जिसमें रंजना प्रकाश पवार समूह अध्यक्ष द्वारा उपस्थित अतिथियो, महिलाओं के समक्ष रोजगार के रूप में सिलाई मशीनों का कार्यए अगरबत्ती और अन्य उद्योगों के बारे में सभी महिलाओं को जानकारी दी। जिसमें यह कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने जा रहा है।

जिजाउ फाउंडेशन ने 500 महिलाओं के वितरित किया हल्दी कुमकुम

नेपानगर। सोमवार को नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर राजमाता जिजाउ फाउंडेशन द्वारा सामूहिक हल्दी कुमकुम का आयोजन किया गया। जहां नगर की 500 से अधिक महिलाओ को हल्दी कुमकुम सहित उपहार प्रदान किए गए। राजमाता जिजाउ फाउंडेशन मराठा समाज की महिलाओ का संगठन हैए जो समाजिकए सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ ही मराठा समाज की विचारधारा को आगे बढाने का कार्य करता है। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जयश्री ज्ञानेश्वर पाटील का समाज की प्रिया पाटील ने स्वागत कर सम्मान किया है। साथ ही समाज में महिलाओ की भागीदारी बढानेए सनातन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन जैसे विषयों पर विचार विमर्श कर मंथन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटील, पूर्व नपाध्यक्ष मधु चौहान, किरण रायकवार, पूर्व नपा उपाध्यक्ष वैशाली पाटीलए मीना चौहान, योगिता पाटील, नीता चौधरी, उज्जवला लोंधेए ज्योति पाटील, गायत्री पाटील, डॉ राजश्री मोरेए वंदना पटेल, अंजु ठोमरे, कल्पना महाजन, मंगला महाजनए, रेखा पाटील मौजूद रही।

जनसुनवाई के दौरान अनोखा विरोध : आरटीआई शुल्क वसूला तो गेट की पूजा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। बुरहानपुर कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान दो अनोखे मामले सामने आए। एक आवेदक ने अधिकारियों को श्जगानेश् के लिए कलेक्ट्रेट गेट पर पूजा.अर्चना की ,जबकि दूसरे मामले में शिकायत करते समय एक आवेदक जमीन पर बैठ गया। जिसके बाद जिला पंचायत सीईओ भी जमीन पर बैठने लगे। पहला मामला ग्राम पंचायत नागझिरी से संबंधित है। यहां के निवासी लखन पटेल ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी थी। पंचायत ने उन्हें 12 रुपए प्रति पृष्ठ के हिसाब से 515 पृष्ठों की जानकारी दी। जिसके लिए 6180 रुपये जमा कराए गए। पटेल का कहना है कि नियम के अनुसार शुल्क 2 रुपये प्रति

पृष्ठ होना चाहिए।

लखन पटेल ने छह महीने पहले भी इस संबंध में जनसुनवाई में शिकायत की थी, तब वे आंखों पर पट्टी बांधकर पहुंचे थे। उनका आरोप है कि शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मुक्तिधाम और सरकारी बाउंड्रीवॉल से संबंधित जानकारी मांगी थी। न्याय की उम्मीद में उन्होंने सरकारी दफ्तर को देवता मानकर पूजा की, ताकि अधिकारी जागें।

दूसरा मामला ग्राम पंचायत मोहम्मदपुरा के रोहन पाटिल का था। उन्होंने एप्पल अस्पताल के सामने एक कॉलोनाइजर द्वारा अवैध अतिक्रमण की शिकायत की। पाटिल ने बताया कि कॉलोनाइजर ने अवध वाटिका नाम से कॉलोनी काटी है और 100 फीट का नाला बंद कर दिया है। वे दो महीने से शिकायत कर रहे हैं। अपनी शिकायत के दौरान रोहन पाटिल जमीन पर बैठ गए। यह देखकर जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा भी जमीन पर बैठने लगे, जिसके बाद पाटिल उठकर खड़े हो गए।

जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा ने दोनों मामलों पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि आरटीआई नियमों के तहत गलत तरीके से राशि ली गई थी, जिसे वापस करा दिया गया था। हालांकि आवेदक ने राशि लेने से मना कर दिया और कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि एप्पल अस्पताल के सामने कॉलोनी के मामले की भी जांच कराई जा रही है।

गलत तरीके जमीन क्रय-विक्रय करने वालों पर हो कार्रवाई

बुरहानपुर। कलेक्टर न्यायालय में होने वाली जन सुनवाई में लखेरवाड़ी बुरहानपुर निवासी कीर्ति राकेश सईवाल ने लिखित शिकायत करते हुवे बताया कि जमीन क्रय/विक्रय मारमले में दोषियों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने में देरी क्यो की जा रही है। जबकि उन्हे उक्त मामले में की गई पूर्व शिकायत पर कार्यवाही का भरोसा दिलाया गया था। उन्होने शिकायत में कहा कि अधिकारीयो को दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र के साथ शिकायत की थी । उनका मानना है कि राकेश सईवाल कि शिकायत पर खसरा नंबर 67,67/2/1 की संपत्ति को गलत तरीके से क्रय विक्रय करना पाते हुए उसे भूमि को शासन के नाम दर्ज करने एवं तत्काल कब्जा लेने के आदेश दिनांक 10/11/2025 को जांच करने के बाद में कलेक्टर साहब ने पारित किए हैं। किंतु शासन की जमीन का अवैध रूप से खरीद फरोक्त करने करने वालों पर कोई कार्यवाही अभी तक नहीं हुई है जबकि शासन को करोड़ों रुपए की भूमि फर्जी तरीके से हस्तांतरित कर गंभीर अपराध किया गया है। उन्होने निवेदन किया है कि दिए गए आदेश दिनांक 10/11/2025 के अवलोकन में असीरगढ़ की शासकीय भूमि को खरीद फ़रोक्त करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए एवं उचित कार्यवाही की जाए! इस दौरान डॉक्टर अनुपमा दीक्षित और नूतन दुबे भी मौजूद थी।

सांसद की सौगात : 25 शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को मिलेगा आरओ वाटर लगाई यूनिट

भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने पूजन कर किया शुभारंभ।

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विद्यार्थियों को दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाने और उन्हें शुद्धए सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील द्वारा जिले के शासकीय विद्यालयो में आरओ यूनिट की सौगात दी गई है। 25 स्कूलों में आरओ यूनिट लग गई हैएआने वाले समय में और कई स्कूलों में लगाये जायेंगे। भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने स्कूल में लगाए गए आरओ यूनिट का पूजन कर शुभारंभ किया। शुद्ध पानी पीकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे सभी ने सांसद का माना आभार।

शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा:- सांसद पाटील ने कहां प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार बेहतर शिक्षा देने के साथ.साथ उन्हें आरओ का शुद्ध पानी उपलब्ध कराने की दिशा में भी सतत कार्य कर रही है। जिले के 25 शास.विद्यालयो में अलग.अलग पेयजल यूनिट स्थापित की गई हैं। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों, शिक्षकगण व स्टाफको पूरी तरह शुद्ध और सुरक्षित पानी मिल सकेगा।

इन स्कूलों में लगाए आरओ यूनिट:-शास. उच्च. माध्य. विद्या. लोनी, शास.माध्य विद्या.बोहरडा शास. माध्य, विद्या.हतनूर, शास.उच्च माध्य.विद्या.बिरोदा, एशास.कन्या माध्य विद्या .बहादरपुर, शास. उच्च.माध्य.विद्या बोदरली, शास. उच्च माध्य. विद्या. जसौंदी, शास. उच्च. माध्य. विद्या. बंभाडा, कीकृत शास.माध्य.शाला बोरसल, सुभाष उत्कृष्ट उच्च माध्य, विद्या. बुरहानपुर, शास.कन्या माध्य.विद्या.चौक बाजार, सावित्री बाई फूले शास.कन्या उच्च माध्य.विद्या,शास.कन्या उर्दू उच्च माध्य.विद्या.हरीरपुरा,पुरुषार्थी उच्च. माध्य.विद्या.शास.उच्च, माध्य. विद्या, लालबाग बुरहानपुर, शास. उच्च. माध्य विद्या, फोपनार, शास. उच्च. माध्य विद्या. इच्छापुर, शास. उच्च, माध्य. विद्या. दापोरा, शास. उच्च माध्य. विद्या. दर्यापुर, शास. उच्च माध्य. विद्या, निम्बोला, शास.कन्या हाईस्कुल धुलकोट, शास.उच्च माध्य. विद्या जैनाबाद ,शास.हाईस्कुल अम्बा, शास, हाईस्कूल सुक्ता नेपानगर,शास.उच्च माध्य. विद्या. खातला नेपानगर में आरओ यूनिट लगाये गए हैं।

जनसुनवाई में 63 आवेदन पत्र प्राप्त

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। संयुक्त जिला कार्यालय में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गयाए जिसमें अधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों को त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए गए।

आयोजित जनसुनवाई में करीबन 63 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें नगर निगम, कृषि, उद्यानिकी, श्रम, विद्युत,न्याय विभाग इत्यादि विभागों से संबंधित आवेदन शामिल थे। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्री सृजन वर्मा, अपर कलेक्टर श्री वीरसिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विरोध प्रदर्शन : काली पट्टी बांधकर नवलसिंह शकर कारखाना में किया काम

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। नवलसिंह सहकारी शकर कारखाना के 150 से अधिक कर्मचारियों ने मंगलवार को काली पट्टी बांधकर काम किया। कर्मचारियों ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन दर्ज कराया। वे दोपहर में कारखाना एमडी के बंगले के सामने भी पहुंचे। कर्मचारियों ने मंगलवार से चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया हैए जो 28 जनवरी तक चलेगा। आंदोलन के पहले दिन दोपहर 2 बजे की शिफ्ट में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर काम किया।

आंदोलन के तहतए 21 जनवरी को कारखाना गेट पर प्रदर्शन होगा। 22 जनवरी को क्रमिक भूख हड़ताल की जाएगी। इसके बादए 27 जनवरी को दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक एक घंटे के लिए श्नो वर्क ड्यूटीश् की जाएगी और 28 जनवरी को स्लो डाउन किया जाएगा। यह आंदोलन राष्ट्रीय मजदूर

कांग्रेस इंटक द्वारा शुरू किया गया है। इसका मुख्य कारण नवलसिंह सहकारी शकर कारखाना प्रबंधन और श्रमिक संघ के बीच 15 अक्टूबर 2023 को हुए समझौते का पालन न होना है।

इंटक अध्यक्ष ललित कश्यप ने बताया कि कारखाने में कार्यरत श्रमिक कर्मचारियों को जुलाई 2023 से शासन द्वारा स्वीकृत महंगाई भत्ता नहीं मिला है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2022.23 में हुए समझौते का भी उल्लंघन किया गया है। कश्यप के अनुसार 15 अक्टूबर 2023 को अन्य समस्याओं के संबंध में एक समझौता हुआ था। तीन माह बीत जाने के बाद भी समझौते का पालन नहीं किया गया। जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। संघ ने औद्योगिक शांति भंग न होए इसके लिए समय.समय पर प्रबंधन और प्रशासक को अवगत कराया था। लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया।

मारवाड़ी युवा मंच का 42 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

नवभारत न्यूज, बुरहानपुर। अ.भा.मारवाड़ी युवा मंच एवं चेतना महिला शाखा के संयुक्त तत्वाधान में पूरे देश भर की 900 शाखाओ के साथ साथ बुरहानपुर शाखा द्वारा मंच का 42 वा स्थापना दिवस हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया स प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं पूर्व अध्यक्ष मुकेश देवड़ा एवं रविंद्र गुप्ता ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष में मुक बधीर अंध विद्यालय में बच्चों को भोजन करवाया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन दामोदर तोदी एवं लक्ष्मण मित्तल ने अवगत कराया की मंच द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार समाजसेवीयो का स्वागत सम्मान किया जाता है इसी के अंतर्गत स्वामीनारायण मंदिर बुरहानपुर के महंत श्री पी.पी.कोठारी का शाल श्रीफल एवं मोतियों की माला से स्वागत कर सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। मंच प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने भी महंत पी.पी कोठारी का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। तत्पश्चयात सम्मान पत्र का वाचन पूर्व अध्यक्ष महेंद्र पारीक द्वारा किया गया। महंत पीपी स्वामी का परिचय राहुल जोशी ने दिया। मंच के पूर्व अध्यक्ष एवं मंच के सभी सदस्यों ने कोठारी स्वामी को मोतीमाला पहनाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनों कार्यक्रमों में संस्थापक अध्यक्ष कमलनयन लाठ,पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र जालन,प्रमोद भंडारी, रामेश्वर मंत्री , सुनील मुंदड़ा, कोषाध्यक्ष राजकरण बोथरा ,मंच सदस्य कैलाश अग्रवाल,चम्पालाल कोठारी, विशाल विजय वर्त्यगीय नारायण पुरोहित, संदीप पारीक,विशाल सेठिया,विमल जैन,दिलीप कासलीवाल,पुनित कोठारी परमेश्वर शर्मा,चेतना महिला शाखा अध्यक्ष रूपल मूंदड़ा,सचिव स्मिता पलोड, रानी पारीख ,संगीता लड्ढा ,राजस्थानी समाज अध्यक्ष कैलाशचंद पारीक ने भी स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया स कार्यक्रम का संचालन एवं आभार मंच सचिव शुभम जैन द्वारा किया गया।

अच्छी पुस्तकें आज भी पढ़ी जाती हैं : परिहार

बुरहानपुर। विश्व के सबसे बड़े पुस्तक मेले श्विश्व पुस्तक मेलाश् का आयोजन प्रगति मैदान नई दिल्ली में 8 जनवरी से 18 जनवरी तक किया गया। पुस्तक मेले में विश्व के तीस से अधिक देशों के हजारों प्रकाशक सहभागी हुए । उत्कृष्ट एवं नवीन विचारों के साथ लिखी गई पुस्तकें के पाठकों की पहली पसंद रही । बुरहानपुर के साहित्यकार संतोष परिहार का स्त्री विमर्श पर लिखा गया उपन्यास अपूर्वा काव्य समवेत कविता संग्रह एवं गज़लकार राजपालसिंह चावला राज़ का नया गज़ल संग्रह आसमान से ऊंची उड़ान और एक मुट्ठी आसमान बैस्ट सेलर में रहा । यह जानकारी इन पुस्तकों के प्रकाशक ए.आर.पब्लिशिंग कम्पनी संचालक शिवानंद तिवारी द्वारा प्रेषित की गई । आई सेक्ट पब्लिकेशन भोपाल द्वारा प्रकाशित संतोष परिहार के उपन्यास बसों अयोध्या राम एक महल हो सपनों का एवं कहानी संग्रह श्दस कहानियांश् भी बिक्री में रही ।

एक दिवसीय अपक्व आहार की कार्यशाला

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। रोटरी क्लब बुरहानपुर द्वारा स्वस्थ भोजन स्वस्थ जीवन को ध्यान में रखते हुए 1 दिवसीय अपक्व आहार की कार्यशाला रखी गई। जिसमें नई आहार प्रणाली के जनक बी व्ही चौहान द्वारा अपने अमूल्य विचार रखे गए । कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब अध्यक्ष अशोक अग्रवाल द्वारा की गई । चतुर्विद परीक्षण मंत्र का वाचन विशाल पटेल द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम संयोजक दीपक सलूजा ने अतिथि परिचय एवं आज के कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी दी । मुख्य वक्ता बी व्ही चौहान द्वारा नई आहार प्रणाली को अपने जीवन में अपनाने से कितने चमत्कारी फायदे मिलते हैं इस बात पर अपना उद्बोधन दिया । जैसा अन्न वैसा मन इस कहावत को उन्होंने बहुत सारे किस्से बात कर इस वाक्य को सार्थक किया । उनका मानना है कि मनुष्य को वही भोजन लेना चाहिए जो उसके शरीर की आवश्यकता है ना

कि वह भोजन जो उसकी जिह्वा और उसके मन को खुश करते हैं ।

गुजरात से आए हुए बी व्ही चौहान जी करीब 33 वर्षों से यह सेवा पूरे समाज में करते आ रहे हैं और राष्ट्रीयध् अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई आहार प्रणाली को बहुदिवसीय शिविर के माध्यम से आयोजित करते रहते हैं और अभी तक कैंसर एवं नहीं सुधरने वाले रोगों को भी अपनी इस पद्धति से मरीज को फायदा पहुंचाते आ रहे हैं। शिविर में शरीर को डिटॉक्स करने हेतु ग्रीन जूस तथा अपक्व भोजन जैसे नवरत्न सलाद, कच्ची सब्जियों का अचार, फरूट कस्टर्ड और अन्य विशेष व्यंजन बिना किसी मसाले ,शक्कर,दूध से बने उत्पादों कों बिना इस्तेमाल करके बनाना भी सिखाया एवं सभी कार्यक्रम में सहभागिता करने पहुंचे लोगों को खिलाकर भी बताया । कार्यक्रम का संचालन प्रवीण चापोरकर द्वारा किया गया एवं आभार प्रिंस सेठिया ने माना ।

यह कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के साथ संयुक्त तत्वाधान में किया गया था एवं ब्रह्माकुमारी स्वाति दीदी एगजानन भाई एवं अन्य सदस्यों ने भी सहभागिता करी और सभी भाई बहनों ने कार्यकर्ता के रूप में अपना सहयोग भी प्रदान किया। रोटरी क्लब के भी अधिकतम सदस्यों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता करी एवं सेवा में अपना मूल्य योगदान दिया । कुल 150 नागरिको द्वारा शिविर का लाभ लिया गया । भविष्य में 4 से 5 दिवसीय शिविर किया जाएगा जिसकी सूचना सभी को जल्द ही प्रदान की जाएगी ।

एक नजर — दिव्यांग भाई बहनों के लिए कृत्रिम अंग शिविर का शुभारम्भ.....

परिक्षण शिविर में कृत्रिम पैर 12 , केलिपर्स पोलियो 22 ,कृत्रिम हाथ 2 प्रदान किए जाएंगे

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर ए जिला प्रशासन सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग बुरहानपुर ,रोटरी क्लब बुरहानपुर,जायंट्स ग्रुप ऑफ़ इंदौर, एवं सेवा प्रदाता महावीर सेवासदन कोलकाता व् परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क आयोजित परीक्षण एवं प्रत्यारोपण शिविर में आज दिंनाक 20 जनवरी 2026 को प्रथम दिवस शिविर में पधारे दिव्यांग भाई बहनों का परिक्षण कर 12 दिव्यांगो को कृत्रिम पैर ,22 केलिपर्स पोलियो एवं 2 को कृत्रिम हाथ नाप लेकर बनने के पश्चात प्रदाय किये जायेगे ।

जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बुरहानपुर पर आयोजित शिविर का शुभारम्भ शिविर में पधारे दिव्यांग भाई अस्तिबाधित शिवाजी सोनोने ने दीप प्रज्वलन से किया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रशासन सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन

सशक्ति करण विभाग बुरहानपुर के उपसंचालक दुर्गेश कुमार दुबे ने कहा की आज इस जिले में दिव्यांग भाई बहनों को कृत्रिम अंगो का लाभ प्राप्त हो जिससे की वह स्वावलम्बी बने इसी दिशा में उपरोक्त संस्थाओ के संयुक्त तत्वाधान में यह शिविर आयोजित किया गया है।

शिविर को संबोधित करते हुए जनजाग्रति संस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह ने कहा की दिव्यांग भाई बहन कमजोर नही है वह स्वयं अपने आपमें एक शक्ति है।

शिविर को संबोधित करते हुए रोटरी क्लब बुरहानपुर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने कहा की यह शिविर दिव्यांगजनों केजीवन में नई गति,नई आशा और नया आत्म विश्वास लेकर आएगा यही कामना है।

कार्यक्रम का संचालन व् इस शिविर के मुख्य सूत्रधार व् जनजाग्रति संस्था के संरक्षक व् संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा की ऐसे आयोजनों में सफलता सभी के संयुक्त प्रयासों

से होती है। शास्त्रों में कहा गया है की मानव सेवा ही नर नारायण की सेवा है । इस सम्पूर्ण शिविर में मुख्य भूमिका का निर्वहन दिव्यांग भाई बहनों के परिक्षण के लिए कलकत्ता से पधारी डॉ.एस एस प्रभाकर एवं टीम द्वारा किया जायेगा स

कार्यक्रम के अवसर पर जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर एवं रोटरी क्लब बुरहानपुर के सदस्य सचिव प्रिंस सेठिया ,डॉ हर्ष वर्मा , प्रोजेक्ट चेयरमेन नविन पारख,हरिओम अग्रवाल ,असिस्टेंस गवर्नर प्रियल जैन, सुनील सलूजा ,श्याम अडवानी,शोभा चौधरी, विशाल पटेल ,मेहुल जैन, श्रीकिशन मूंदड़ा , देवचंद शर्मा , रजनी गट्टानी, तुषार महाजन , राजेंद्र येवले,इन्द्रास भाई एवं अन्य गणमान्य नागरिक व् पत्रकार बंधू इस अवसर पर उपस्थित थे। अंत में कार्यक्रम में पधारे सभी आगंतुको का आभार जिला प्रशासन सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग बुरहानपुर द्वारा किया गया।